अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

# नारीलोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

अगस्त, 2025 अंक 325

## अध्यक्षीय आह्वान

प्रिय बहिनों,

सादर जय जिनेन्द्र!

परिवार-समाज और राष्ट्र की दृष्टि से यह अगस्त माह हम सबके लिए विशेष संदेश प्रदान करने वाला माह है। अगस्त माह में 15 अगस्त को जहाँ राष्ट्र का स्वतंत्रता दिवस है वहीं संघीय परिप्रेक्ष्य में 20 अगस्त से 'पर्युषण पर्व' का शुभारंभ हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस और पर्युषण पर्व का शुभारंभ दोनों ही जागरण का संदेश देने वाले है। पर्युषण पर्व पर ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप की आराधना कर हम आत्मा को पवित्र बनाने की ओर अग्रसर होते है। कर्म निर्जरा का यह माध्यम संयम, साधना और समता की त्रिवेणी का द्वार है। वैसे तो चातुर्मास काल में हमें चारित्रात्माओं का विशेष सान्निध्य मिलता है और प्रवचन श्रवण आदि माध्यमों से ज्ञान अर्जित करने का सुअवसर भी मिलता है। चातुर्मास काल का लाभ उठाते हुए हम पर्युषण पर्व में भी उत्साहपूर्वक साधना में सहभागी बने, यह अपेक्षित है। पर्युषण पर्व आत्म विकास का संदेश सम्प्रेषित करता है तो स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र विकास की प्रेरणा प्रदान करता है। स्वविकास और राष्ट्र विकास दोनों ही हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। इसी अगस्त माह में रक्षा बंधन का पर्व भी है। यह पर्व मात्र धागे से जुड़ी हुई एक डोर ही नहीं अपितु एक सुरक्षा कवच और संरक्षण का दायित्वपूर्ण संदेश भी प्रदान करता है।

बहिनों! यह वर्ष आचार्य भिक्षु की जन्म त्रिशताब्दी का वर्ष भी है। तेरापंथ धर्मसंघ के अधिदेवता आचार्य भिक्षु द्वारा प्रदत्त अनुशासन और व्यवस्था को हम जानें, समझे और प्रेरणा प्राप्त कर हृदयांगम करने का प्रयास करें। आचार्य भिक्षु के संदेश वर्तमान युग में भी उतने ही प्रासंगिक है जितने वो पहले थे। आचार्यश्री महाश्रमणजी ने महती कृपा करवाकर इस भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर करणीय कार्यों की ओर हमें इंगित किया है। गुरु इंगित की आराधना करना हमारा परम कर्तव्य है। आचार्य भिक्षु की जन्म त्रिशताब्दी का यह पावन प्रसंग हम सबके लिए जागरण का अवसर है।

बहिनों! इस बार अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में ही 4-5-6 अगस्त को कन्या मंडल का 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन भी आयोजित है। परिवार की दृष्टि से कन्याएं शुभ भविष्य का संकेत है। कन्यावय में प्राप्त संस्कार घर-परिवार को आलोकित करने की धूरी बनते है। विज्ञान के इस युग में शिक्षा के साथ अध्यात्म का समावेश भी युग की माँग है। भविष्य की इस पीढ़ी को सुनहरे ढ़ाँचे में ढ़ालना भी हमारा ही दायित्व है। हम अपने दायित्व की कसौटी पर आत्मचिंतन से प्रेरित हो एक नए युग निर्माण की ओर अग्रसर हों यही कामना है।

दिवस- पर्व या आयोजन महज तिथियों में समाहित अवसर ही नहीं पर आचरण की दृष्टि से इन सब में एक संदेश निहित है। इस संदेश की क्रियान्विति में महिला शक्ति का दायित्व सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। परिवार, समाज और राष्ट्र की एक मजबूत कड़ी के रूप में हम कर्तव्य पथ पर भी पुरुषार्थ का परिचय दे। एक माँ, पत्नी, बहिन और पुत्री के रूप में हम अपने आचरण से परिवार, समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित कर एक नया दीप प्रज्ज्वलित करें यही काम्य है और यही कामना।

मंगलमय अवसरों पर मंगल कामनाओं के साथ-

शुभाकांक्षी

Sarita Daga

सरिता डागा

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

POWERHOUSE



## रोज की एक सलाह

दायित्व हर किसी को मत सौंपो। योग्य व्यक्ति का योग्य कार्य के लिए नियोजन किया जाना चाहिए। कुपात्र, सुपात्र व अपात्र का सम्यक् विश्लेषण करो।

किसी भी समस्या के बारे में चिंता मत करो, व्यथा मत करो, शांत भाव से समाधान का पथ खोजने का प्रयास करो।

–आचार्य महाश्रमण

('रोज की 1 सलाह' से साभार)

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं–341 306 (जिला नागौर, राजस्थान)

## साधारण सदन की सूचना

दिनांक : 03 अगस्त, 2025

सम्माननीय सदस्यगण,

सूचित किया जाता है कि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के वर्ष 2024–2025 की साधारण सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में शुक्रवार, दिनांक 19 सितम्बर, 2025 को मध्याह्न 12.15 बजे से प्रेक्षा विश्व भारती, कोबा, अहमदाबाद में समायोजित है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर अपेक्षित है। चुनाव अधिकारी श्रीमती शांता पुगलिया एवं चुनाव सह–अधिकारी श्रीमती पुष्पा बैद एवं श्रीमती कुमुद कच्छारा को नियुक्त किया गया है।

## Agenda

1. नमस्कार महामंत्र, मंगलाचरण
2. गत साधारण सदन की कार्यवाही का वाचन एवं पुष्टि
3. अध्यक्षीय वक्तव्य
4. मंत्री प्रतिवेदन : प्रस्तुति एवं स्वीकरण
5. कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–2025 के आय–व्यय का ब्यौरा : प्रस्तुति एवं स्वीकरण
6. संविधान का वाचन
7. सत्र 2025–2027 हेतु अध्यक्षीय निर्वाचन
8. नए अध्यक्ष का स्वीकरण वक्तव्य
9. विविध– अध्यक्ष की अनुमति से
10. धन्यवाद ज्ञापन।

भवदीय

Nitu Oswal

नीतू ओस्तवाल
महामंत्री, अभातेममं.

# तेरापंथ महिला मंडल करणीय कार्य

जैसा कि आपको विदित ही है कि यह वर्ष आचार्य भिक्षु का जन्म त्रिशताब्दी वर्ष है। जिसे भिक्षु चेतना वर्ष के रूप में मनाने का निर्देशित है। परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी ने इस वर्ष के समायोजन की रूपरेखा में अनेक बिन्दु निर्देशित करने की कृपा करवाई है। बहिनों! इस माह करणीय कार्य में हम तेरापंथ प्रबोध कंठस्थ करने का लक्ष्य बनाये।

## प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष
## अगस्त माह में करणीय कार्य

### प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर, प्रेक्षाध्यान कार्यशाला - Offline

विषय : 'आओ नींद को अपनी ताकत बनायें'।

कालमान - 90 मिनट

कार्यशाला प्रारूप-

| | | |
|---|---|---|
| * | स्वागत वक्तव्य | 03 मिनट |
| * | कार्यशाला उद्देश्य | 03 मिनट |
| * | नींद के लिये उपयोगी आसन | 20 मिनट |
| | ताड़ासन, पश्चिमोत्तान आसन, भुजंगासन, अर्द्ध मत्सेन्द्र आसन, मत्स्यासन, सर्वांगासन | |
| * | प्राणायाम- | उज्जाई प्राणायाम |

थ्योरी प्रशिक्षण-

| | | |
|---|---|---|
| | विषय : Secrets behind your Sleep- (Scientific)- | 10 मिनट |
| | विषय : खानपान का हो ध्यान तो नींद हो आसान- | 10 मिनट |
| | विषय : साधना में नींद सहयोगी कैसे बने- | 10 मिनट |
| * | मंत्र प्रयोग- हूं हूं विशुद्धि केन्द्र पर | 05 मिनट |
| * | कायोत्सर्ग- | 20 मिनट |
| * | आभार- | 02 मिनट |
| * | संचालन- | 07 मिनट |

विशेष ध्यातव्य :

* कार्यशाला में प्रशिक्षण चारित्रात्माओं अथवा प्रेक्षा प्रशिक्षकों द्वारा तथा विशेषज्ञों द्वारा ही दिया जाए।
* अभातेमम. एवं प्रेक्षा फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का Banner अवश्य प्रयोग में लें।
* प्रशिक्षण संबंधी सम्पूर्ण recording ABTMM के प्रेक्षा प्रवाह ग्रुप में उपलब्ध है। यदि आवश्यकता हो तो उसका Direct उपयोग भी किया जा सकता है।
* कार्यशाला में स्त्री-पुरुष सभी भाग ले सकते हैं।
* आयोजक तेरापंथ महिला मण्डल ही रहेगी।
* अन्य समाज के व्यक्तियों को भी ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास रहे।
* उपस्थिति record with Phone No. अवश्य रखें।
* स्वास्थ्य और साधना इन दोनों दृष्टियों से हम नींद पर विचार करें और आत्म शक्ति जागरण की दिशा में प्रस्थान करें। मंगल कामना।

-संयोजिका श्रीमती वीणा बैद, 9448063260

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं प्रेक्षा फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित
# प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर
## Online Workshop on Zoom-21st-23rd July, 2025

### आओ नींद को अपनी ताकत बनायें

नींद वो शांति की छाया है- जिससे थके मन को आराम और शरीर को संजीवनी मिलती है। यह एक आम धारणा है परन्तु अपनी जिंदगी का एक तिहाई हिस्सा जो हम नींद में बिताते हैं उसे शक्ति जागरण का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनाया जा सकता है ताकि नींद साधना में परिवर्तित हो सके, ऐसी नींद शांति और सुकून तो देती ही है अपितु इस दुर्लभ मानव जीवन की सार्थकता का बोध भी कराती है क्योंकि मनुष्य ही वह प्राणी है जो नींद को साधना में बदल सकता है। यही इस कार्यशाला का सार तत्व है।

कार्यशाला रुपरेखा प्रस्तुतिः प्रेक्षा प्रवाह की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती वीणा बैद

**Theory**

| | |
|---|---|
| प्रशिक्षण : | 21 जुलाई, 2025 |
| विषय : | **Secrets Behind Good Sleep** |
| प्रशिक्षक : | प्रेक्षा प्रशिक्षक- श्रीमती अंजु बाफना, मुम्बई |
| प्रशिक्षण : | 22 जुलाई, 2025 |
| विषय : | खानपान का हो ध्यान, तो नींद हो जाए आसान। |
| प्रशिक्षक : | **Dietician** श्रीमती सारिका गिड़िया, बंगलूरू। |
| प्रशिक्षण : | 23 जुलाई, 2025 |
| विषय : | साधना में नींद सहयोगी कैसे बने। |
| प्रशिक्षक : | वरिष्ठ प्रेक्षा- प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र मोदी, इंदौर। |

* सत्र विशेष : योगासन एवं प्राणायाम तीनों दिन योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रेक्षा प्रशिक्षक श्रीमती अंजु कोठारी (कोलकाता) द्वारा दिया गया।
* प्रेक्षा ध्यान मंत्र एवं लेश्या ध्यान प्रयोग तथा कायोत्सर्ग की प्रभावशाली प्रस्तुति तीनों दिन अनुभवी प्रेक्षा प्रशिक्षक एवं **Preksha** प्रवाह की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती वीणा बैद द्वारा की गई, जिन्होंने सहभागियों को स्वयं अनुभव करने हेतु प्रेरित किया।
* सत्रों को देशभर की बहिनों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सुना, सराहा और अपनाया। प्रत्येक **session** में लगभग 300+ बहिनों की **Zoom** और **Youtube** में सहभागिता रही। कार्यक्रम की सम्पूर्ण **Recording** प्रेक्षा प्रवाह **group** में उपलब्ध करवाई गई।
* साथ ही गर्व के साथ साझा करते हैं कि इस आयोजन में त्रि-दिवसीय से पंच-दिवसीय तक के 'प्रेक्षा प्रवाह यात्रा' के दस सत्र (अक्टूबर, 2024 से जुलाई, 2025) राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए।
* प्रेक्षा ध्यान कल्याण वर्ष के उपलक्ष में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं प्रेक्षा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह सम्पूर्ण यात्रा हमारे भीतर की चेतना को जगाने, तनाव से मुक्ति पाने और एक शांत एवं संतुलित जीवन जीने की दिशा में एक सामूहिक प्रयास रहा।
* हमारी प्रेरणा स्त्रोत अभातेमम. चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी एवं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का कुशल संयोजन अभातेमम. रा.का.स. श्रीमती वर्षा लूनिया ने किया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'मंथन'- राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर में



**18 जुलाई, 2025, अणुविभा, जयपुर।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'मंथन' राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड का आयोजन बहुश्रुत परिषद सदस्य शासनगौरव साध्वीश्री कनकश्रीजी के सान्निध्य में तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर द्वारा अणुविभा केन्द्र, मालवीय नगर में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम शासनगौरव बहुश्रुत साध्वीश्री कनकश्रीजी के द्वारा नमस्कार महामंत्र की मंगल ध्वनि के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर की बहिनों द्वारा मंगलाचरण की सुंदर प्रस्तुति दी गई। तेरापंथ महिला मंडल जयपुर शहर की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती नीरू मेहता एवं तेममं., सी-स्कीम की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा सुराणा ने संयुक्त रूप से सभी का स्वागत किया। अभातेमम. की मुख्य ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने Logo (लोगो) अनावरण से इस कार्यक्रम का आगाज किया।

इस अवसर पर अभातेमम. की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में 'मंथन' शब्द को परिभाषित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बहिनों ने वक्तृत्व कला एवं प्रस्तुति का अच्छा अभ्यास किया है। अब निर्णायक दौर है मंथन से नवनीत निकालने का। प्रतियोगिता में प्रस्तुत सद् विचारों को हम केवल शाब्दिक अर्थों में न लें अपितु अपने आचार-विचार में भी उनकी अनुपालना करे। अपने गृह क्षेत्र में सभी का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा जयपुर महिला मंडल को इस कार्यक्रम की सुंदर आयोजना हेतु बधाई दी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने वक्तव्य के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। मुख्य ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने सभी प्रतिभागियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि मंथन वक्तृव कला को जागृत करने का आयाम है।










प्रोत्साहन श्रीमती प्रेक्षा चोपड़ा | तृतीय श्रीमती प्रियंका बैंगानी | प्रथम श्रीमती प्रतिभा बैद | द्वितीय श्रीमती सुधा दुगड़

**शासन गौरव बहुश्रुत साध्वीश्री कनकश्रीजी** ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि मंथन शब्द गतिशीलता और जीवंतता का प्रतीक है। तेरापंथ महिला मंडल का उद्भव भी मंथन प्रक्रिया का ही एक जीवंत उदाहरण है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की सह मंत्री एवं मंथन की राष्ट्रीय संयोजिका **डॉ. वंदना बरड़िया** ने मंथन के विभिन्न चरणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की प्रचार-प्रसार मंत्री एवं इस कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका **श्रीमती सरिता बरलोटा** ने भी अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। प्रतियोगिता का विषय दिया गया- **फैशन महिलाओं की आजादी का प्रतीक या दिखावे का माध्यम।** प्रतियोगिता के पहले राउण्ड में सभी प्रतिभागियों को विषय प्रस्तुति के लिए 6 मिनट का समय दिया गया जिसमें डॉ. सारिका दुगड़ (गुवाहाटी), श्रीमती हीना चोपड़ा (अहमदाबाद), श्रीमती मोहिनी कांकरिया (पिंपरी चिंचवड़), श्रीमती पल्लवी सेठिया (साउथ कोलकाता), श्रीमती प्रज्ञा गोलछा (विराटनगर-नेपाल), श्रीमती प्रतिभा बैद (बोरीवली, मुम्बई), श्रीमती प्रेक्षा चोपड़ा (जयपुर सी-स्कीम), श्रीमती प्रियंका बैंगानी (धुबड़ी, असम), श्रीमती प्रियंका भरूंट (पूर्वांचल कोलकाता), श्रीमती रंजना दुगड़ (औरंगाबाद), श्रीमती सुधा दुगड़ (हैदराबाद), इन 11 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के मूल्यांकन के आधार पर निर्णायकों द्वारा 6 प्रतिभागियों का अगले राउण्ड के लिए चयन किया गया।

दूसरे राउण्ड में चयनित 6 प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए विषय पर 3 मिनट में अपनी अभिव्यक्ति देनी थी। इस राउण्ड में श्रीमती पल्लवी सेठिया, श्रीमती प्रेक्षा चोपड़ा, श्रीमती मोहिनी कांकरिया, श्रीमती प्रतिभा बैद, श्रीमती प्रियंका बैंगानी और श्रीमती सुधा दुगड़ ने अपनी अभिव्यक्ति निर्णायकों द्वारा दिए गए तत्कालिक विषय के अनुसार दी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे- **प्रथम स्थान** श्रीमती प्रतिभा बैद (बोरीवली, मुम्बई), **द्वितीय स्थान** श्रीमती सुधा दुगड़ (हैदराबाद), **तृतीय स्थान** श्रीमती प्रियंका बैंगानी (धुबड़ी, असम)। **प्रोत्साहन पुरस्कार** श्रीमती प्रेक्षा चोपड़ा (जयपुर सी-स्कीम)। प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि और मोमेंटो प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता के प्रबुद्ध निर्णायक- **डॉ. सुमन मौर्य (जयपुर), डॉ. दिनेश जांगिड़ (दिल्ली)** और **डॉ. घनश्यामनाथ कच्छावा** (सुजानगढ़) थे जिन्होंने अपने निर्णय से इस प्रतियोगिता को गरिमा प्रदान की। निर्णायकों ने अपने उद्बोधन में अभातेममं. के इस आयोजन की प्रशंसा की और अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में अभातेममं. के ट्रस्टी **श्रीमती विमला दूगड़**, उपाध्यक्ष **श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा**, रा.का.स. **श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती कुसुम बैंगानी, श्रीमती विनीता बैंगानी, श्रीमती ममता रांका** एवं **श्रीमती अलका बैद** की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभातेममं. रा.का.स. एवं स्थानीय कार्यक्रम संयोजिका **श्रीमती नीरू पुगलिया** और **श्रीमती नीलिमा बैद** ने किया।

'मंथन' की सफलतम आयोजना हेतु चारों राष्ट्रीय संयोजिकाओं **श्रीमती निधि सेखानी, श्रीमती डॉ. वंदना बरड़िया, श्रीमती सरिता बरलोटा** एवं **श्रीमती रमन पटावरी** के श्रम नियोजन हेतु हार्दिक आभार।

## शाखा मंडल हेतु विशेष ध्यानार्थ

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 50वां राष्ट्रीय अधिवेशन 18, 19, 20 सितम्बर, 2025 कोबा, अहमदाबाद (गुजरात) में

युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 50वां राष्ट्रीय महिला अधिवेशन आगामी 18, 19, 20 सितम्बर, 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में समायोजित हो रहा है।

विशेष ध्यातव्य :

- अधिवेशन में 1000 सदस्यों से कम वाले शाखा मंडल से अधिकतम 4 सदस्य और 1000 सदस्यों से अधिक वाले शाखा मंडल से अधिकतम 7 सदस्य संभागी बन सकेंगे।
- शाखा मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष व मंत्री, वर्तमान अध्यक्ष व मंत्री एवं पदाधिकारियों को ही सम्मिलित होने हेतु प्राथमिकता दें। यदि किसी कारणवश पदाधिकारी नहीं आ सके तो कार्यसमिति सदस्यों को ही अधिवेशन में संभागी बनाने का लक्ष्य रखें।
- पंजीकरण शुल्क मात्र 1100 रुपए प्रति संभागी है।
- पंजीकरण प्रातः 9.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक रहेगा।
- संभागी अपने क्षेत्र का मान्यता पत्र अवश्य साथ लाएं।
- अधिवेशन में गणवेश में रहना अनिवार्य है।
- संभागी ओढ़ने-बिछाने, पानी की बोतल एवं सामायिक उपकरण साथ लेकर पधारें।
- परम पूज्य गुरुदेव, श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्रीजी एवं अन्य चारित्रात्माओं की सन्निधि में तथा प्रत्येक सत्र में अनुशासन का विशेष ध्यान रखें। प्रत्येक सत्र में पूर्ण समय तक उपस्थित होना अनिवार्य है।
- 20 सितम्बर, 2025 को मध्याह्न भोजन पश्चात संभागी प्रस्थान कर सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :

महामंत्री, श्रीमती नीतू ओस्तवाल, मो.: 9257011205

संयोजिका- श्रीमती चाँद छाजेड़- 9327549313, श्रीमती वर्षा लूणिया- 9909906385.

## तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन पाठ्यक्रम कार्यशाला 2025

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन पाठ्यक्रम के अंतर्गत तत्त्वज्ञान के छठे वर्ष और तेरापंथ दर्शन के पाँचवें वर्ष के परीक्षार्थियों की (विशेष) लिखित-मौखिक परीक्षाएं परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में अहमदाबाद में 16 और 17 सितम्बर, 2025 को आयोजित की जाएंगी।

सभी परीक्षार्थी 16 सितम्बर को मध्याह्न 11.30 बजे तक आचार्यश्री महाश्रमण प्रवास स्थल (कोबा, अहमदाबाद) में पहुँचने का प्रयास करें। 16 सितम्बर, 2025 को दोपहर 1.30 बजे मौखिक परीक्षाएं प्रारम्भ हो जाएंगी। 17 सितम्बर, 2025 को प्रातः 8 बजे से लिखित परीक्षाएं आयोजित होगी। परीक्षा के बाद परीक्षार्थी प्रस्थान कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सम्पर्क करें-

राष्ट्रीय संयोजिका- श्रीमती कुसुम बैंगानी- 8010139367, रा.का.स. श्रीमती नीतू बैद- 9924180371

अहमदाबाद क्षेत्रीय संयोजिका- श्रीमती शशि चोपड़ा- 9374243335.

# आचार्य भिक्षु त्रिशताब्दी महोत्सव

## तप - साधना - समर्पण

### विशेष आयोजन : 'तेला तप अनुष्ठान' [तीन दिवसीय उपवास]

दिनांक : 8 जुलाई से 10 जुलाई, 2025 तक

''तप से जीवन में आता है उजास, आचार्य भिक्षु की वाणी है अनुपम प्रकाश''!

तेरापंथ धर्मसंघ के संस्थापक, क्रांतिकारी आचार्य भिक्षु के 300वें जन्म वर्ष पर आयोजित त्रिशताब्दी महोत्सव को सार्थक श्रद्धापूर्ण बनाते हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने 'तेला तप अनुष्ठान' का आह्वान किया। सात्विक प्रसन्नता है कि इस अवसर पर 208 शाखा मंडलों के माध्यम से 6274 तेला तप किए गए।

सभी तपस्वियों के प्रति हार्दिक अनुमोदना।

संयोजिका - श्रीमती निर्मला छाजेड़, 9420611103.

## नंदीघोष- महाश्रमण की महागाथा Online Quize

नंदीघोष- महाश्रमण की महागाथा Online Quize में कुल 1218 प्रतिभागियों ने भाग लिया। Top 20 प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार है-

**तेरापंथ कन्या मंडल**

1. आयुषी हिंगड़, आमेट
2. खुशी महनोत, उदासर (बीकानेर)
3. श्रद्धा धूपिया, अहमदाबाद
4. हर्षा सांड, कालू
5. सुरभि जैन, जयपुर
6. आयुषी कोठारी, चूरू
7. समृद्धि सेठिया, नोएडा

**तेरापंथ महिला मंडल**

1. संतोष बांठिया, हावड़ा
2. प्रियदर्शिनी जैन, हैदराबाद
3. वृतिका डूंगरवाल मेहता, वासीम
4. इंदिरा लूनिया, कटक
5. रेणु समदड़िया, उत्तर हावड़ा
6. कनक डागा, साल्टलेक
7. रंजना सेठिया, इस्लामपुर
8. विभा आंचलिया, नोखा
9. प्रेरणा बाफना, बारडोली
10. मुस्कान सेठिया, गंगाशहर
11. मीना ओस्तवाल, बालोतरा
12. मनीषा बोथरा, इस्लामपुर
13. आरती जैन, भिवानी

सभी प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक मंगल कामना।

## तप अनुमोदना कार्यक्रम

07 जुलाई, 2025, कांदीवली।

युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री कुलदीप कुमारजी एवं मुनिश्री मुकुल कुमारजी के सान्निध्य में प्रतिमाधारी श्रावक अणुव्रत गौरव श्री डालचंद कोठारी की अनुमोदना का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने तप अनुमोदना की। कार्यक्रम में अनेकों गणमान्य व्यक्तियों के साथ महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा की भी उपस्थिति रही।

# 'ज्योतिर्गमय' कार्यशाला का हुआ भव्य आयोजन




**6 जुलाई, 2025, कांदीवली।**

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल, कांदिवली के तत्वावधान में मुनिश्री कुलदीप कुमार जी स्वामी एवं मुनिश्री मुकुल कुमार जी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन कांदिवली में मुम्बई स्तरीय 'ज्योतिर्गमय' कार्यशाला का आयोजन किया गया। नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। तेममं. कांदिवली के मंगलाचरण के पश्चात स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती विभा श्रीश्रीमाल ने सभी का स्वागत किया। मुनिश्री कुलदीप कुमार जी स्वामी ने फरमाया कि आगम का ज्ञान जैन धर्म के प्रत्येक श्रावक-श्राविका को होना चाहिए। मुनिश्री मुकुल कुमार जी स्वामी ने आगम का वास्तविक अर्थ बताते हुए फरमाया कि आगम पूर्णता की ओर गति करने का नाम है, मोक्ष तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। आगम, आगम परम्परा का इतिहास आगम और रहस्य, जैनागम और गर्भ संस्कार, आगम और दिशा, भगवान महावीर का दिशाध्यान आदि विभिन्न विषयों पर विशेष विवेचना कर नवीनतम जानकारी दी।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि आगमों में जो बात वर्षों पहले कही गई आज वही बातें विज्ञान के माध्यम से बताई जा रही है। कुछ उदाहरणों के माध्यम से वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए आपने कहा कि आगमों में उल्लेखित सूर्यास्त के बाद भोजन की मनाही का सम्बन्ध विज्ञान के आधार पर पाचन क्रिया से संबंधित है। भगवान महावीर के अनेकान्त सिद्धान्त एवं विज्ञान की देन थ्योरी ऑफ रिलेटिबिटी के बारे में भी आपने संक्षिप्त जानकारी दी। ज्योतिर्गमय के शाब्दिक अर्थ प्रकाश की ओर का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सबके ज्ञानरूपी प्रकाश ज्योति के वरण की मंगल कामना की। मुनिश्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तेममं., कांदिवली के पुरुषार्थ की सराहना की। अभातेममं. महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने आगम के संदर्भ में उदाहरण के माध्यम से प्रासंगिक वक्तव्य दिया एवं श्रीमती शांता पुगलिया ने भी अपने विचार वक्तव्य किए।

कार्यशाला में मुम्बई क्षेत्र की लगभग 30 मंडल की बहिनों के साथ-साथ अभातेममं. कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा, रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया, श्रीमती संगीता चपलोत, श्रीमती जूली मेहता एवं श्रीमती विमला नाहटा की गरिमामय उपस्थिति रही। स्थानीय संघीय संस्थाओं की विशेष उपस्थिति के साथ लगभग 1500 से भी अधिक लोगों की उपस्थिति ने कार्यशाला को सफल बनाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती अलका पटावरी ने एवं आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती नीतू दुगड़ ने किया। इस कार्यशाला की व्यवस्था में संयोजिका श्रीमती भारती सेठिया, श्रीमती मधु श्यामसुखा एवं क्षेत्रीय बहिनों का श्रम मुखर रहा।







लक्ष्य

# मुम्बई में 'लक्ष्य' कार्यशाओं का आयोजन

**6 जुलाई, 2025, डोंबिवली**

अभातेमम. के निर्देशन में तेमम., डोंबिवली द्वारा 'लक्ष्य' कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लक्ष्य के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे-छोटे लक्ष्य बनाकर ही हम मंजिल प्राप्त कर सकते हैं परन्तु लक्ष्य के साथ संकल्पित होना जरूरी है। मुख्य वक्ता डॉक्टर रत्ना कोठारी ने 5 P के माध्यम से लक्ष्य को परिभाषित किया। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने कहा कि हम सब एक अच्छे gratitude की भावना के साथ हमारे जीवन में आगे बढ़े, positivity को लेकर आए। रा.का.स. महाराष्ट्र प्रभारी श्रीमती निर्मला चंडालिया ने साध्वी प्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया। रा.का.स. श्रीमती जूली मेहता ने अपने विचार व्यक्त किए। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा कोठारी ने स्वागत भाषण दिया। आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती अनिता धाकड़ और संचालन श्रीमती पिंकी बड़ाला ने किया।

**7 जुलाई, 2025, सांताक्रुज।**

अभातेमम. के तत्वावधान में तेमम., सांताक्रुज द्वारा 'लक्ष्य' कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हम लक्ष्य का निर्धारण करे और निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ें तो सफलता निश्चित मिलेगी। आपने लक्ष्य के संदर्भ में कई उदाहरण प्रस्तुत किए। सांताक्रुज महिला मंडल की जागरूकता की आपने प्रशंसा की।

कार्यक्रम का आरंभ नमस्कार महामंत्र से हुआ। तेमम., सांताक्रुज ने प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी एवं अध्यक्ष श्रीमती मोना नौलखा ने स्वागत वक्तव्य दिया। इशिता बाफना ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। श्रीमती प्रकाश तातेड़ ने प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी द्वारा प्रदत्त संदेश का वाचन किया। कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा ने बताया कि यदि हम जीवन में कोई लक्ष्य बना ले तो मंजिल दूर नहीं। तेमम., सांताक्रुज द्वारा काव्यात्मक प्रस्तुति के माध्यम से vision संस्कार सेतु को प्रॉप्स द्वारा दर्शाया गया। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने उदाहरण के द्वारा बताया कि हम लक्ष्य से ना डरे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा धाकड़ एवं आभार मंत्री श्रीमती सुमित्रा कोठारी ने किया। कार्यक्रम में अभातेमम. संरक्षिका श्रीमती शांता पुगलिया, श्रीमती विमला नाहटा तथा बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही।

**07 जुलाई, 2025, दक्षिण मुम्बई।**

अभातेमम. के तत्वावधान में 'लक्ष्य' कार्यशाला का आयोजन दक्षिण मुम्बई महिला मंडल द्वारा शासनश्री साध्वीश्री शिवमालाजी आदि ठाणा-3 के सान्निध्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। नमस्कार महामंत्र के साथ प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में तेमम., दक्षिण मुम्बई ने मंगलाचरण का संगान किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती वनीता धाकड़ ने स्वागत वक्तव्य के साथ मंडल की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। रा.का.स. महाराष्ट्र प्रभारी श्रीमती निर्मला चंडालिया ने साध्वीश्री विश्रुतविभाजी द्वारा प्रदत्त संदेश पत्र का वाचन किया। PPT के माध्यम से महिला मंडल की गत 2 वर्षों में हुई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुम्बई आंचलिक ज्ञानशाला संयोजिका श्रीमती राजश्री कच्छारा ने साध्वीश्री निर्वाण श्रीजी का संदेश पत्र का वाचन किया। दक्षिण मुम्बई महिला मंडल की बहिनों द्वारा लक्ष्य कार्यशाला पर आधारित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की गई।

साध्वीश्री शासनश्री शिवमालाजी, साध्वीश्री अमित रेखाजी एवं साध्वीश्री अर्हमप्रभाजी ने प्रेरणा पाथेय प्रदान कर बहिनों को आत्म मंथन करने की प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। प्रतिदिन के लक्ष्य निर्धारणों को छोटे-छोटे उदाहरणों के माध्यम से बताते हुए उनके उपयोगी होने की जानकारी दी। अभातेमम. कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा ने अपने वक्तव्य द्वारा बहिनों को मोटिवेट किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष श्रीमती लतिका डागलिया ने एवं आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती संगीता राठौड़ ने किया।

उपरोक्त कार्यशालाओं में रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया, श्रीमती संगीता चपलोत, श्रीमती अलका मेहता, श्रीमती जूली मेहता के साथ-साथ समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## तेममं., चेंबूर (मुम्बई) द्वारा प्लास्टिक रीसाइकलिंग मशीन का लोकार्पण

**5 जुलाई, 2025, चेंबूर (मुम्बई)**

अभातेममं. के निर्देशन में चेंबूर महिला मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए प्लास्टिक रीसाइकलिंग मशीन की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन सुराना सेठिया हॉस्पिटल में डॉ. डी.सी. सुराना एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा की गरिमामय उपस्थिति रही एवं श्रीमती क्रांति सुराना की विशेष उपस्थिति रही। यह मशीन न केवल प्लास्टिक कचरे के प्रभावी निपटान का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति सजगता का संदेश भी देगी। यह पहल चेंबूर महिला मंडल की सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इस कार्यक्रम में सराहनीय उपस्थिति रही।

## तेममं., डोंबिवली द्वारा वाटर कूलर का लोकार्पण

**7 जुलाई, 2025, डोंबिवली।**

अभातेममं. के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल, डोंबिवली द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत वाटर कूलर का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल द्वारा किया गया। कन्या विकास योजना के अंतर्गत डोंबिवली महिला मंडल द्वारा ऑरेंज गर्ल कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत प्रगति ब्लाइंड स्कूल, बदलापुर के बच्चों को अनुदान राशि प्रदान की गई एवं इस कॉटेस्ट के विनर के प्राइस दिए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री ने इस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए स्वयं की ओर से भी प्रगति ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को अनुदान राशि प्रदान की। इस प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी रा.का.स. श्रीमती जूली मेहता ने दी। कार्यक्रम में रा.का.स. श्रीमती निर्मला चंडालिया, श्रीमती अलका मेहता, श्रीमती संगीता चपलोत की विशेष उपस्थिति रही।

## तेममं., सी-स्कीम,जयपुर द्वारा 72 बैंचों एवं 6 वाटर कूलर का लोकार्पण

**जुलाई, 2025, सी-स्कीम, जयपुर।**

अभातेममं. के निर्देशानुसार तेममं., सी-स्कीम, जयपुर की ओर से कन्या विकास योजना के अंतर्गत कन्या सुरक्षा 72 बैंचों एवं 6 वाटर कूलर का लोकार्पण केलगिरी आई हॉस्पिटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक श्री कालीचरण सराफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा सुराणा ने सभी का स्वागत किया। विधायक श्री सराफ ने कहा कि आपके मंडल द्वारा यह एक बहुत ही नेक कार्य किया गया है। इससे मरीजों को बहुत ही सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि आपने बहुत ही उपयोगी जगह पर बैंचेज लगाई। कैलगिरी हॉस्पिटल के महामंत्री डॉ. नवल किशोर अग्रवाल ने मंडल को धन्यवाद कहते हुए कहा कि आपके द्वारा दी गई बैंचों से मरीजों को सुविधा मिलेगी।

## तेममं., जयपुर शहर द्वारा 30 बैंचेज का लोकार्पण

**9 जुलाई, 2025, जयपुर शहर।**

अभातेममं. के तत्वावधान में तेममं., जयपुर शहर द्वारा सवाई मानसिंह अस्पताल धनवंतरी OPD प्रांगण में कन्या सुरक्षा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में 30 कन्या सुरक्षा बैंच का लोकार्पण किया गया। नवकार महामंत्र से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या जैन ने सभी का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 500 से अधिक महिला मंडल की शाखाएं पूरे भारतवर्ष में है। हर क्षेत्र में कैंसर जागरूकता, कन्या सुरक्षा बैंच लगवाना, वाटर कूलर लगाना जैसे कार्यक्रम अखिल भारतीय के निर्देशन में कर रही है। कार्यक्रम में उपमहापौर श्री पुनीत कर्णावट, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व कंट्रोलर डॉ. दीपक माहेश्वरी, वाइस प्रिंसिपल डॉ. मनीष अग्रवाल, अभातेममं. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद, स्थानीय पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नीरू मेहता के साथ-साथ मंडल की बहिनों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रा.का.स. श्रीमती नीलिमा बैद ने किया एवं आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती पायल जैन ने किया।

# संगठन सम्पर्क यात्रा

**5 जुलाई, 2025, चेंबूर (मुम्बई)।**

अखिल भारतीय तेरापंथ मडिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा अपनी टीम के साथ मुम्बई संगठन सम्पर्क यात्रा के तहत चेंबूर पहुँची। नमस्कार महामंत्र से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में तेमम. चेंबूर की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कोठारी ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में संगठनात्मक सशक्तिकरण की बात कही एवं महिला मंडल की भूमिका पर प्रकाश डाला। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने मंडल की योजनाओं की जानकारी दी व संगठनात्मक कार्यों हेतु प्रेरित किया। कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा ने भी अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। कन्या मंडल ने अपनी प्रस्तुति में केन्द्रीय नेतृत्व के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करते हुए उनकी जीवन व कार्यशैली को प्रस्तुत किया। मुमुक्षु प्रीत कोठारी ने अपने भावों की प्रस्तुति दी एवं पिंकी सामर ने रंगोली बनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय पूर्व अध्यक्ष श्रीमती जयश्री बडाला ने किया एवं आभार ज्ञापन श्रीमती बेला डांगी ने किया।

**5 जुलाई, 2025, भाइंदर।**

अभातेमम. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा संगठन सम्पर्क यात्रा के तहत मुम्बई पहुँची। शासनश्री साध्वी विद्यावती जी द्वितीय के सान्निध्य में संगोष्ठी आयोजित हुई। साध्वीश्रीजी ने बहिनों को प्रेरणा पाथेय प्रदान किया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडल की गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुए सक्रियता से कार्य करने की प्रेरणा दी।

**6 जुलाई, 2025, ठाणे।**

अभातेमम. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा अपनी टीम के साथ संगठन सम्पर्क यात्रा के क्रम में ठाणे पहुँची। वहाँ विराजित मुनिश्री अनन्त कुमारजी एवं मुनिश्री विपुल कुमारजी के सान्निध्य का लाभ मिला। मुनिश्री ने सक्रियता से कार्य करने की प्रेरणा दी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडल के कार्यों की जानकारी देते हुए मंडल के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय बहिनों की जिज्ञासाओं का समाधान केन्द्रीय नेतृत्व ने दिया। स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संगीता चंडालिया, मंत्री श्रीमती खुशबू पामेचा सहित बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही।

**6 जुलाई, 2025, घाटकोपर।**

अभातेमम. की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा अपनी टीम के साथ मुम्बई यात्रा के क्रम में घाटकोपर पहुँची। घाटकोपर में विराजित साध्वीश्री कंचनप्रभाजी एवं साध्वीश्री मंजूरेखा जी के दर्शन एवं सान्निध्य का लाभ मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडल की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी निवेदित की। स्थानीय मंडल की बहिनों ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों को अपने मध्य पाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुम्बई परिसीमन के बाद इस संगठन सम्पर्क यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा, रा.का.स. श्रीमती निर्मला चिंडालिया, श्रीमती जूली मेहता, श्रीमती अलका मेहता एवं श्रीमती संगीता चपलोत की गरिमामय उपस्थिति रही।

# तेमम., सांताक्रुज द्वारा 4 बैंचों का लोकार्पण

**7 जुलाई, 2025, सांताक्रुज।**

अभातेमम. के निर्देशन में कन्या विकास योजना के अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल, सांताक्रुज द्वारा स्थानीय **Pathuck Technical School & College** में 4 बैंचों का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती मोना नोलखा, मंत्री श्रीमती सुमित्रा कोठारी सहित स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं मंडल की बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल ने अभातेमम. पदाधिकारियों के स्वागत करते हुए मंडल के इस कार्य की सराहना की।

# निर्जरा का विशिष्ट उपक्रम एवं पूज्यप्रवर की रास्ते की सेवा का उपक्रम 'भावना सेवा'

नारी जागरण और महिला सशक्तिकरण के अपने उद्देश्यों के साथ–साथ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल सेवा कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मंडल का यह सौभाग्य है कि उसे पूज्य प्रवर की रास्ते की सेवा में 'भावना सेवा' के माध्यम से जुड़ने का सुअवसर मिल रहा है। मंडल के इस उपक्रम में अनेक शाखा मंडलों की बहिनें सेवा भावना से अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाती है। सौभाग्यशाली है वे सभी बहिनें, जिन्हें सेवा के इस उपक्रम में जुड़ने का अवसर मिला और सेवा दायित्व का बखूबी निर्वहन किया, बहुत–बहुत साधुवाद। साधुवाद–आभार श्राविका गौरव श्रीमती किरण बाई आंचलिया के प्रति, जिनकी सेवा–भावना, सुझबूझ, समन्वयभाव और कुशल मार्गदर्शन ने मंडल के इस उपक्रम को निश्चिंतता प्रदान की। व्यवस्था में अर्थ सहयोगी, सेवाभावी श्री मूलचंद जी, श्रीमती शशिकला नाहर जाणुंदा निवासी– बैंगलूरू प्रवासी के प्रति भी हार्दिक आभार। भावना सेवा उपक्रम की संयोजिकाएं श्रीमती मधु देरासरिया, श्रीमती शशिकला नाहर एवं श्रीमती ममता रांका के कुशल दायित्व निर्वहन हेतु हार्दिक आभार।

## भावना सेवा में सेवा देने वाली मंडल एवं बहिनें–

**25 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2024 – तेमम, सूरत :**

श्रीमती मधु देरासरिया, श्रीमती चंदा भोगर, श्रीमती सुषमा बोथरा।

**01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर, 2024 – तेमम, कामरेज :**

श्रीमती लीला मांडोत, श्रीमती लीला दक, श्रीमती मीना डूंगरवाल, श्रीमती सुमन सुतरिया, श्रीमती मधु सुतरिया, श्रीमती ललिता सकलेचा।

**08 दिसम्बर से 14 दिसम्बर, 2024 – तेमम, उधना :**

श्रीमती जयमाला छाजेड़, श्रीमती सुंदर बेन गांधी, श्रीमती सुशीला मेड़तवाल, श्रीमती मंजू नौलखा, श्रीमती सोनू बाफना

**15 दिसम्बर से 21 दिसम्बर, 2024 – तेमम, बारडोली :**

श्रीमती संगीता सरनौत, श्रीमती मीना जे. मेहता, श्रीमती विमला बाफना, श्रीमती ललिता बाफना, श्रीमती प्रेरणा बाफना

**22 दिसम्बर, से 28 दिसम्बर, 2024 – तेमम, मध्य दिल्ली :**

श्रीमती दीपिका छलानी, श्रीमती नीलू बेद, श्रीमती कंचन गोलछा, श्रीमती राजू देवी बोथरा

**29 दिसम्बर, 2024 से 04 जनवरी, 2025 – तेमम, विजयनगरम् :**

श्रीमती मंजू दुगड़, श्रीमती कांति खट्टेड़, श्रीमती शारदा चोपड़ा, श्रीमती किरण डागा

**5 जनवरी से 11 जनवरी, 2025 – तेमम, हैदराबाद :**

श्रीमती कविता आच्छा, श्रीमती सुशीला मोदी, श्रीमती डिंपल बैद, भारती सुराणा, श्रीमती संजू बैद, श्रीमती सरिता डागा।

**12 जनवरी से 18 जनवरी, 2025 – तेमम, दक्षिण दिल्ली :**

श्रीमती मधु बाफना, श्रीमती रजनी बाफना, श्रीमती सरोज भूतोड़िया, श्रीमती शिल्पा बैद।

**19 जनवरी से 25 जनवरी, 2025 – तेमम, पूर्वी दिल्ली :**

श्रीमती मधु बोथरा, श्रीमती सुशीला बैद, श्रीमती ममता बांठिया, श्रीमती प्रेम भंसाली, श्रीमती लता बोथरा।

**26 जनवरी से 1 फरवरी, 2025 – तेमम, गुवाहाटी :**

श्रीमती अमराव बोथरा, श्रीमती ममता दूगड़।

**02 फरवरी से 8 फरवरी, 2025 – तेमम, कटक :**

श्रीमती इंदिरा लूणिया, श्रीमती सविता सिंघी, श्रीमती समता सेठिया, कविता सेठिया, सुनीता दूगड़, श्रीमती कांता लोढ़ा।

**09 फरवरी से 15 फरवरी, 2025 – तेमम, विजयनगर, बंगलूरू :**

श्रीमती मंजू गादिया, श्रीमती मंजू बोथरा, श्रीमती मंजू लूणिया, श्रीमती सुनीता पींचा, श्रीमती बसंता पोखरना।

**16 फरवरी से 22 फरवरी, 2025 – तेमम, महाराष्ट्र (पिंपलनेर) :**

श्रीमती जयंती रूपेश गोगड़, श्रीमती वैजयंती विजय जी गोगड़, श्रीमती सीमा ज्वेहरी लाल जी गोगड़, श्रीमती रमेश जी गोगड़, श्रीमती शैला रिखबजी गोगड़।

**23 फरवरी से 01 मार्च, 2025 – तेमम, कोटा**

श्रीमती मंजू सुराणा, श्रीमती कुसुम जैन, श्रीमती सुप्रिया हीरावत।

**01 मार्च से 08 मार्च, 2025 – तेमम, ठाणे (महाराष्ट्र)**

श्रीमती मिनाक्षी श्रीश्रीमाल, श्रीमती कांता श्रीश्रीमाल, श्रीमती मधु हिरण, श्रीमती राजकुमारी दूगड़, श्रीमती भारती सिंघवी, श्रीमती वनिता मेहता, श्रीमती मधु हिरण, श्रीमती सीमा सांखला।

**9 मार्च से 15 मार्च, 2025 – तेमम, जयपुर शहर :**

श्रीमती नीरू मेहता, श्रीमती इंदिरा बरड़िया, श्रीमती दिनेशबाला बरड़िया, श्रीमती संतोष बाई धारीवाल।

**16 मार्च से 22 मार्च, 2025 – तेमम, राजगंगपुर, उड़ीसा :**

श्रीमती अलका जैन (राजगंगपुर), श्रीमती शोभा जैन (बालासोर),
श्रीमती ललिता बेद (बंगलूरू), श्रीमती कनक गिड़िया (कोलकाता), श्रीमती श्रिया लूणावत (बंगलूरू)।

**30 मार्च से 05 अप्रैल, 2025 – तेमम, साउथ हावड़ा :**

श्रीमती चंद्रकांता पुगलिया, विमला मनोत, श्रीमती शायर तातेड़, श्रीमती ललिता तातेड़, वीणा गोलछा (विजयवाड़ा)।

**06 अप्रैल से 12 अप्रैल, 2025 – तेमम, लाडनूं :**

श्रीमती सुमन गोलछा, श्रीमती प्रीति घोषाल, श्रीमती सरिता चौरड़िया, श्रीमती सुनीता बैद, श्रीमती स्नेह श्यामसुखा।

**13 अप्रैल से 19 अप्रैल, 2025 – तेमम, गुलाबबाग :**

श्रीमती शांता संचेती, श्रीमती सीमा डूंगरवाल, श्रीमती हेमा भंसाली, श्रीमती सीमा बैद।

**20 अप्रैल से 26 अप्रैल, 2025 – तेमम, उदयपुर:**

श्रीमती इंद्रबाला पोरवाल, श्रीमती कमला सुराणा, चंद्रकला नागौरी, श्रीमती चन्द्र पोखरणा, श्रीमती संगीता पोरवाल।

**27 अप्रैल से 03 मई, 2025 – तेमम, अहमदाबाद :**

श्रीमती शशि चौपड़ा, श्रीमती भारती चंडालिया, श्रीमती चन्द्र भंडारी, श्रीमती संपत बाई सेठिया।

**25 मई से 31 मई, 2025 – तेमम, उत्तर दिल्ली :**

श्रीमती सज्जन गिड़िया, श्रीमती कमला भंसाली, श्रीमती मधु सेठिया, श्रीमती प्रेम भंसाली।

**01 जून से 07 जून, 2025 – तेमम, शाहदा :**

श्रीमती विभा गेलड़ा, श्रीमती स्मिता गेलड़ा, श्रीमती प्रिया गेलड़ा, श्रीमती पूजा गेलड़ा।

**08 जून से 14 जून, 2025 – तेमम, गुलाबपुरा :**

श्रीमती स्नेहलता बोरदिया, श्रीमती मधु लोढ़ा, श्रीमती रेखा जैन, श्रीमती लीला जैन।

**15 जून से 21 जून, 2025 – तेमम, डूंगरी :**

श्रीमती रचना हिरन, श्रीमती कांता भटेवरा, श्रीमती सुनीता भटेवरा, श्रीमती सुशीला डागा।

मंडल की सेवा का यह उपक्रम परम पूज्य आचार्य प्रवर की कृपा दृष्टि से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुआ। पूज्य प्रवर के प्रति हार्दिक कृतज्ञता। सेवा में प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोगी सभी महानुभावों के प्रति हार्दिक आभार।

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## अगस्त, 2025

### सन्दर्भ पुस्तक : भिक्षु विचार दर्शन (पेज संख्या 29 से 47)




### निम्न प्रश्नों के उत्तर दें

1. आचार्य भिक्षु ने हाथ में कंपन के कितने कारण बताए?
2. मजना किसका नाम था?
3. ब्याह आदि कुछ प्रसंगों पर रात्रि-जागरण-- रातिजोगे की प्रथा कौनसे राज्य में है?
4. आचार्य भिक्षु के अनन्य सहयोगी और अनन्य विश्वास पात्र कौन से संत थे?
5. 'भीखण! तू दीक्षा लेगा तो मैं पेट में कटारी खाकर मर जाऊंगी'। यह किसने कहा?
6. ठाकुर साहब को किसका व्यसन था?
7. 'नौ चौकियाँ' किसका निदर्शन है?
8. 'गुरुदेव! आप इन लौकिक देवताओं की पूजा का खंडन करते हैं पर कहीं वे कुपित हो गए तो?' यह किसने कहा?
9. संत भीखणजी का बोधि- क्षेत्र कौनसा है?
10. कौनसे गाँव की बहिन ऐसा बार-बार कहती कि आचार्य भिक्षु आएं तो मैं साध्वी बनूं?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. वही बुद्धि सराहने योग्य है, जो धर्म के आचरण में लगे, मुक्ति का मार्ग ढूंढे। वह बुद्धि व्यर्थ है जिससे ...................... बढ़े।
12. दूसरों के मन को वह पढ़ सकता है जिसके मन की स्वच्छता में दूसरों के मन अपना ......................... डाल सके।
13. आचार्य भिक्षु की अनुभूतियों के आलोक में .......................... नामक गण का प्रारंभ हो गया।
14. बुराई को पैरों से रौंदकर चलने वाला ही अपने मन को ........................ से पकड़ सकता है।
15. सीधा बात पर ध्यान नहीं दिया जाता, ............................... सहसा मन को खींच लेती है।
16. मारवाड़ की शुष्क - भूमि में उनका मस्तिष्क .............................. बन फल सका, यही उनकी विशेषता है।
17. जो महान होता है वह सबसे पहले ............................ को अपने ऊपर ही लागू करता है।
18. सदाचार उसी के पीछे चलता है जो देश, काल और ............................... के सामने नहीं झुकता।
19. आचार्य भिक्षु का जीवन ...................... और बुद्धि के समन्वय का सुंदर उदाहरण है।
20. भगवान ने जो कहा, उसका पालन करने वाला साधु है और ............................ आरे का नाम लेकर भगवान की वाणी का उल्लंघन करने वाला असाधु है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक
Mob.: 9438368264, E-mail: luniaindira@gmail.com

Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 अगस्त, 2025

Google Form Link : https://forms.gle/qVDkQFBSMDhkMktm6

आर्थिक सहयोग हेतु विशेष आभार श्रीमती मोहिनी देवी-स्व. श्री बालचंद जी, मीताजी, जयसिंह जी चोरड़िया परिवार (बीदासर-मुम्बई)

### जुलाई, 2025 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. सम्राट अशोक | 2. राज्याश्रय | 3. समकोण | 4. संबोध प्रकरण | 5. आगम |
| 6. संयम | 7. धर्म-दान | 8. आचार | 9. आचार्य भिक्षु | 10. आचार्य भिक्षु |
| 11. शास्त्रज्ञ | 12. बुद्धि | 13. हिंसा | 14. सम्यक्-दृष्टि | 15. लोंकाशाह |
| 16. भिक्खु | 17. सत्यनारायण | 18. तात्त्विक | 19. साधना | 20. उद्दिष्ट |

### जुलाई, 2025 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. अंजू साह, डीसा | 2. आशा जैन, गुरुग्राम | 3. डिम्पल गोखरू, भीलवाड़ा |
| 4. जयश्री भंसाली, कैलिफोर्निया/सुजानगढ़ | 5. लता दक, चलथान | 6. मंजू खटेड़, इंदौर |
| 7. प्रियंका छाजेड़, भरूच | 8. पूनम गोलछा, धुबरी | 9. सीमा बैद, किशनगढ़ |
| | 10. सुशीला आर दरला, चैन्नई | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तेरापंथ महिला मंडल, भिवानी (भावना सेवा) | 51,000 |
| | तेरापंथ महिला मंडल, दक्षिणी मुम्बई (भावना सेवा) | 51,000 |
| | श्रीमती रंभा देवी, स्व. श्री हस्तीमल जी कोठारी, मुम्बई (डोंबिवली) | 21,000 |
| | तेरापंथ महिला मंडल, हनुमत नगर (भावना सेवा) | 21,000 |
| | स्व. श्री मूलचंद जी चोरड़िया एवं संथारा साधिका श्रीमती विमला देवी चोरड़िया की पुण्य स्मृति में श्रीमती रेणु मदन चोरड़िया की ओर से, चास बोकारो (झारखंड) (भावना सेवा) | 5,100 |
| | तेरापंथ महिला मंडल, चंगड़ाबांधा (भावना सेवा) | 3,100 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला- नागौर, राजस्थान)

नारीलोक

**महामंत्री कार्यालय**
महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5-0-1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

**देखने हेतु**
www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**
कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई-400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com